बालभारती पब्लिक स्कूल ,पीतमपुरा

अधिन्यास पत्र ,कक्षा चौथी ११.५ .२०२०

विषय : व्याकरण उपविषय : अपठित गद्यांश

निर्देश ::

- *प्रश्न -उत्तर उत्तर पुस्तिका में करें |*
- *उत्तर पुस्तिका में पूरा गद्यांश लिखने की आवश्यकता नहीं है | गद्यांश के केवल आरम्भ के दो शब्द एवं अंत के दो शब्द उत्तर पुस्तिका में लिखें |*
- *"विश्व के -----------क्या कहना |"*

दिए गए गद्यांश को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें :-

विश्व का सबसे लोकप्रिय फल --आम करीब चार हज़ार वर्षों से उगाया जा रहा है | इसकी पत्तियाँ पूरे वर्ष हरी भरी रहती हैं | यह पेड़ ६० फुट तक लंबा होता है तथा ४से ६ वर्ष पुराना पेड़ फल देना शुरू कर देता है |आम लाल ,पीला ,हरा , संतरी या फिर कभी -कभी दो रंगों का भी पाया जाता |इसमें विटामिन और मिनरल अत्यधिक मात्रा में पाया जाता है | भारत में आम को फलों का राजा कहा जाता है |इसे देवताओं का फल भी कहा जाता है |भारत में यह फल हर जगह होता है --हिमालय से सागर तट तक | कहा जाता है कि बिहार के एक शहर में आम के पेड़ के लगभग हज़ार

पेड़ थे इसलिए यह शहर हज़ारी बाग़ कहलाया |भारत के चौसा, अल्फांसो, लंगड़ा , आदि कई तरह के आम विश्व में प्रसिद्ध हैं| आम का फल कच्चा हो या पक्का ,उसे कई तरह से खाया जा सकता है | कच्चे आम का मुरब्बा , अचार या चटनी कई महीनों तक बनाकर रखी जा सकती है | आम का रस,आम की आईसक्रीम या फिर मीठा आम काटकर खाने के क्या कहने |

उत्तरपुस्तिका कार्य :

प्रश्न १) आम का पेड़ कितने वर्षों से उगाया जा रहा है ?

प्रश्न २)"आम के पेड़ " का वर्णन दो वाक्यों में कीजिए |

प्रश्न ३)आम के फल के बारे में आप क्या जानते हैं ?

प्रश्न ४)आम के फल को किस -किस रूप में खाया जाता है ?

प्रश्न ५) समानार्थक शब्द लिखिए :-दुनिया ,मशहूर